पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

उपलब्ध मानव संसाधन का उपयोग विचार का विषय है - राज्यपाल

लखनऊः 20 सितम्बर 2017

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आई0आई0एम0 लखनऊ में आयोजित संगोष्ठी 'क्रिएटिंग इको सिस्टम फार स्टार्ट अप इन लखनऊ/उत्तर प्रदेश थ्रू आई0आई0एम0 लखनऊ' के उद्घाटन सत्र का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर श्री आलोक रंजन अध्यक्ष लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन, श्री यादवेन्द्र माथुर अतिरिक्त सचिव नीति आयोग भारत सरकार, श्री संजीव सरन प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी उत्तर प्रदेश, प्रो0 अजीत प्रसाद निदेशक आई0आई0एम0 लखनऊ सहित अन्य विशिष्टगण एवं विद्वतजन उपस्थित थे।

राज्यपाल ने संगोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि स्टार्ट योजना के लिए एक सुगम एवं अनुकूल वातावरण बनाने में युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करें। वैचारिक अभियान चलाकर सकारात्मक माहौल बनाने की आवश्यकता है। विश्वविद्यालय स्तर से युवाओं को जानकारी प्रदान कर इस योजना को व्यवहार में लाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने दूरदर्शिता का परिचय देते हुए स्टैण्ड अप इण्डिया, स्टार्ट अप इण्डिया एवं कौशल विकास जैसी योजनाएं प्रारम्भ की हैं। उन्होंने कहा कि आई0आई0एम0 लखनऊ और लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

श्री नाईक ने कहा कि आबादी की दृष्टि से उत्तर प्रदेश सबसे अधिक मानव संसाधन वाला प्रदेश है। विश्व के केवल तीन देश जनसंख्या के लिहाज से उत्तर प्रदेश से बड़े हैं। उत्तर प्रदेश की जनसंख्या 22.1 करोड़ है जबकि चीन की जनसंख्या 140 करोड़, अमेरिका की जनसंख्या 32.4 करोड़ और इंडोनेशिया की जनसंख्या 26.1 करोड़ है। महिलाएं भी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय स्तर पर 45 प्रतिशत छात्राएं हैं। दीक्षान्त समारोह में 65 प्रतिशत पदक छात्राएं प्राप्त कर रही हैं। स्टार्ट अप जैसी महती योजना में महिलाओं की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उत्तर प्रदेश बढ़ेगा तो देश बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उपलब्ध मानव संसाधन का उपयोग कैसे करें, विचार का विषय है।

श्री आलोक रंजन अध्यक्ष लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन ने कहा कि प्रदेश में रोजगार बढ़ाने की आवश्यकता है। रोजगार सफलता की कुंजी है। प्रदेश में प्रतिभा है। नये विचारों को लाने तथा उन्हें बढ़ाने की जरूरत है। प्रबंधन संस्थानों में इस विषय पर चर्चा करके आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि शिक्षा, चिकित्सा एवं उद्यम में नए विचार समाहित किए जाएं।

कार्यक्रम में श्री संजीव सरन प्रमुख सचिव सूचना प्रौद्योगिकी, श्री संजीव बिखचंदानी वाईस चैयरमैन इनफो एज, श्री यादवेन्द्र माथुर अतिरिक्त सचिव नीति आयोग सहित अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे। भारतीय प्रबंध संस्थान लखनऊ के निदेशक प्रो0 अजीत प्रसाद ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष श्री ए0के0 माथुर ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया।

अंजुम/ललित/राजभवन (359/31)

in Lucknow/U.P. through IIML
Chief Guest
IIM Lucknow
ARUN MATHUR
AJIT PRASAD
HON. GOVERNOR